गीडा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ट्रेड शो में झलक रही यूपी की औद्योगिक प्रगति, उत्पादों को मिल रहा बड़ा बाजार

# उद्यमियों से लेकर आम लोगों में दिखा उत्साह

गीडा स्थापना समारोह

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 36वें स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय यूपी स्टेट ट्रेड शो में प्रदेश की औद्योगिक प्रगति झलक रही है। उद्यमियों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आमजन में खासा उत्साह और उल्लास दिख रहा है। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों उद्घाटित यूपी स्टेट ट्रेड शो के दूसरे दिन रविवार को दूसरे दिन बड़ी संख्या में लोग उत्पादों की खरीदारी करने पहुंचे।

यहां प्रदेश के विभिन्न जिलों के ओडीओपी उत्पादों का शोकेस सबका ध्यान आकर्षित कर रहा है तो गोरखपुर और आसपास के जिलों के उत्पाद भी उद्यमिता तथा नवाचार के क्षेत्र में बढ़ते पूर्वांचल के कदमों की गवाही दे रहे हैं। सोमवार तक चलने वाले इस ट्रेड शो में दो सौ स्टॉल लगाए गए हैं। यहां इथेनॉल के बाई प्रोडक्ट से बना पशु आहार रसोई है, तो सिद्धार्थनगर की ओडीओपी काला नमक चावल से बने बेकरी उत्पाद भी लुभा रहे हैं। ओडीओपी के स्पेशल स्टॉल पर गोरखपुर के टेराकोटा, मुरादाबाद के मेटल चेयर, कुशीनगर के बनाना फाइबर प्रोडक्ट्स, वाराणसी की गुलाबी मीनाकारी सहित कई जिलों के विशिष्ट उत्पाद अपनी खूबसूरती और अनूठेपन से सबका मन मोह रहे हैं।

इन सबके बीच इन्वेस्ट यूपी व तमाम बैंकों और वित्तीय संस्थानों के स्टॉल ऋण देने की जानकारी देने को तत्पर हैं। सूचना विभाग की तरफ से लगाई गई विकास प्रदर्शनी प्रदेश की प्रगति गाथा को खूबसूरती से संजोए हुए है। गीडा की पुरानी यूनिट्स में से एक आईजीएल के स्टॉल पर रखा पशु आहार देख लोगों को कौतुक हो रहा है। कारण यह कि हाई प्रोटीन वाला यह पशु आहार एथेनॉल बनाने में प्रयुक्त मक्के के अवशेष को प्रसंस्कृत कर बनाया गया है। अभी टेस्टिंग फेज में इसे पशुपालकों में वितरित किया जा रहा है।

ट्रेड शो में स्टॉल लगाने वाले उद्यमियों और नवाचारियों गाजीपुर की प्रेरणा राय, कानपुर के शब्बीर अली, सिद्धार्थनगर के अजय रावत का स्पष्ट मानना है कि मुख्यमंत्री योगी की पहल से ओडीओपी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिला है। ओडीओपी और स्थानीय उत्पादों का बाजार एक क्षेत्र विशेष से आगे बढ़कर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर का होने लगा है।



रविवार को गीडा के स्थापना दिवस समारोह पर आयोजित ट्रेड शो में खरीदारी करतीं महिलाएं।

## ब्लैक पॉटरी को देखने के लिए भीड़ उमड़ी

आजमगढ़ के ओडीओपी में शामिल ब्लैक पॉटरी को देखने के लिए भी भीड़ जुट रही है। रेडीमेड गारमेंट्स के स्टॉलों पर भी खरीदारों के आने का सिलसिला बना हुआ है। महिला आगंतुकों में सिल्क साड़ियों का आकर्षण छाया हुआ है। गाजीपुर की प्रेरणा राय एंटीक हैंडक्राफ्ट और गिफ्ट आइटम का उत्पादन करती हैं। वह दो दिन में बड़ी संख्या मे दर्शकों के आगमन से काफी खुश हैं। उनके स्टॉल के एंटीक वस्तुओं को सराहना मिल रही है। लखनऊ के हर्बल टी स्टॉल पर कई तरह के फूलों से बनी चाय का स्वाद भी दर्शक ले रहे हैं।

## साड़ी से लेकर टेराकोटा उत्पादों की हो रही बिक्री

ट्रेड शो में वाराणसी की सिल्क साड़ी से लेकर टेराकोटा उत्पादों की अच्छी बिक्री हो रही है। पिपरौली ब्लॉक में बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिकाओं ने वाराणसी की सिल्क साड़ियों की खरीदारी की। शिक्षिका रेनु सिंह और रिनेशा सिंह ने बताया कि वाराणसी की अच्छी क्वालिटी की सिल्क की साड़ी काफी अच्छी कीमत में मिल गई है। वहीं सहजनवा के डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव का कहना है कि गीडा की तरफ से ट्रेड शो का प्रचार अच्छे से होता, तो बेहतर रिस्पांस मिलता है। टेराकोटा शिल्पकार अखिलेश चंद ने कहा कि ट्रेड शो में ब्रांडिंग का अच्छा मौका मिलता है।

## ट्रेड शो में पांच बेहतर स्टॉल को किया गया पुरस्कृत

ट्रेड शो में पांच बेहतर स्टॉल को एसीईओ राम प्रकाश और चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष एसके अग्रवाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वालों में प्लास्टिक के गमला बनाने वाले ओम अग्रहरि, बिजली के उत्पाद बनाने वाले शिवेन्द्र टेकरीवाल, रेडीमेड गारमेंट के उद्यमी आकाश यादव, लकड़ी के खिलौना बनाने वाले आयुष गर्ग और टेराकोटा की ज्वैलरी बनाने वाली रश्मि वर्मा शामिल रहीं। इस आयोजन को लेकर उद्यमी उत्साहित दिखे। इस दौरान ओएसडी गीडा अनुपम मिश्रा, भोला जायसवाल, रमाशंकर शुक्ला, लक्ष्मी शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

## बोले उद्यमी



“मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में आठ साल से औद्योगिक विकास की नई इबारत लिख रहे गीडा में उद्योगों की सतत श्रृंखला खड़ी हो रही है। सीएम की मंशा के अनुरूप राज्य स्तरीय ट्रेड शो लगाया गया है।

**- एसके अग्रवाल**, पूर्व अध्यक्ष, चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज



“छोटे से कमरे में शुरू किए कारोबार को विस्तार मिला है। ट्रेड शो में अगरबत्ती से लेकर पूजा सामग्री के उत्पादों की अच्छी मांग है। नेपाल से लेकर बिहार तक के कारोबारियों से ऑर्डर मिला है। ब्रांड को इससे मजबूती मिली है।

**- अमृता राय**, अगरबत्ती कारोबारी



“गीडा स्थित इस ट्रेड शो में आने के बाद मेरी कंपनी का मार्केटिंग स्तर अब बढ़ गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में युवाओं का उद्योग धंधों में बड़ी तेजी रुझान बढ़ा है। यहां पर अच्छा कारोबार हो रहा है।

**- राजेश गुप्ता**, लखनऊ



“संस्थान द्वारा फल और सब्जियों को खरीद कर स्नैक्स अथवा सूखा पाउडर बनाते हैं, जिसे लोग पसंद कर रहे हैं। इस तीन दिवसीय ट्रेड शो में आने के बाद दिखा कि गीडा में मेरे कारोबार की संभावना बहुत अधिक है।

**- भोले जायसवाल**, अयोध्या



“धूपबत्ती, अगरबत्ती, तिलक, रोरी, चंदन आदि उत्पाद तैयार करते हैं। बिना केमिकल वाले इन उत्पादों की अच्छी मांग है। गीडा में आयोजित हो रहे ट्रेड शो में अच्छा रिस्पांस मिला है। भविष्य के लिए कुछ ऑर्डर भी मिले हैं।

**- कुमार शानू**, कन्नौज



“एंटीक उत्पादों को आधुनिकता के कलेवर में प्रस्तुत कर बिक्री कर रहे हैं। पुराने जमाने की वस्तुओं की युवाओं में अच्छी मांग है। लोग इन्हें ड्राइंग रूम में सजाने के लिए खरीद रहे हैं। गोरखपुर का अनुभव काफी अच्छा है।

**- प्रेरणा राय**, गाजीपुर